॥ प्रभु–प्रार्थना ॥

(तर्ज—मेरी लाजका तुम अमर रख लेना)

तुम्हें नाथ नैया तिरानी पड़ेगी ।
तिरानी पड़ेगी तिरानी पड़ेगी ॥ तुम्हें० टेर ॥

तारन तरन है विरद तुम्हारो प्रभु ! ।
डूबत नैया तिरानी पड़ेगी ॥ तुम्हें० ॥ १ ॥

भव-सागर में डूबी जो नैया मेरी ।
वो तेरे विरद म स्वामी पड़ेगी ॥ तुम्हें० ॥२॥

"हरि कवीन्द्र" की यही विनती है ।
मुक्ति-नगरिया दिखानी पड़ेगी ॥ तुम्हें० ॥३॥

॥ प्रभु–प्रार्थना ॥

(तर्ज—यमुनाजी में खेले हरि राम सखा)

कहो कैसे सुनाउ प्रभु बीती बतियाँ ।
बीती बतियाँ मेरी बीती बतियाँ ॥ कहो०टेर ॥

जिमि जिमि याद मोहे आवत है तिमि तिमि ।
फटत जात है मोरी छतियाँ ॥ कहो० ॥१॥
जानत है तुही प्रभु बिन कहे बिन सुने ।
दुःखमय मेरी अन्तर गतियाँ ॥ कहो० ॥२॥
सब दुःख दूर कर अब प्रभु मेरे तुही ।
"हरि-कवीन्द्र" करे कीरतियाँ ॥ कहो० ॥३॥

॥ प्रभु–प्रार्थना ॥

(तर्ज—मेरी आहका तुम असर देख लेना)

तुंही तुही मेरा तूही तूही मेरा ।
तुही प्रभु प्राण आधार है मेरा ॥ टेर ॥
जीवन साथी हे नाथ बनादो ।
पड़ा हूँ शरन बनी चरनन चेरा ॥ तूही० ॥१॥
और प्रपंची अनेक मिले पर ।
कुछ भी किसी ने न दिल को है घेरा ॥ तूही० ॥२॥
नूरे नूरानी मोहनी मूरत ।
तू हुआ है निवेरा ॥

आती मही नहीं अबतो जुदाई।
तेरी हजूर में ही रहे मेरा डेरा ॥ तूही० ॥४॥
खिदमत के काबिल हे नाथ बनादो।
'हरि-कवीन्द्र' मिटा दो बखेरा ॥ तूही० ॥५॥

॥ मन -प्रबोध ॥

(तर्ज—रसिया की)

जिनवर दरिसण पाय मनवा! तू क्यों थिर नहीं थाय।टेर।
जिनवर दरिसण दुरलभ जाणो।
बार बार मिलणो नहीं टाणो।
हार थारो आयुष एले जाय। मनवा तू क्यों थिर० ॥१॥
भोग रोग से भरे पड़े हैं।
मारग दुश्मन घने अड़े हैं।
हारे थारी चपलता नवि जाय। मनवा तू क्यों थिर० ॥२॥
भज थिर हो हरिपूज्य प्रभुको।
ज्ञान ज्योति से व्यास विभुको।
हार थारी कीर्ति कवीन्द्र जु गाय। मनवा तू क्यों थिर०।३।

॥ प्रभु–प्रार्थना ॥

(तर्ज –हे प्रभो आनन्द दाता ज्ञान हमको दीजिये)

दीन बन्धो ! हे दयासिन्धो ! अरज सुन लीजिये ।
दूर कर अज्ञान सब शुभ ज्ञान हमको दीजिये ॥टेर॥
बालक सभी हम हैं तुम्हारे प्रेम को बस चाहते ।
हे पिता परमातमा बस प्रेम बरषा दीजिये ॥ दीन० ॥१॥
माँ बापका ही बालकों को सर्वथा आधार है ।
आप हैं माँ बाप तो रक्षा हमारी कीजिये ॥ दीन० ॥२॥
निर्बल सभी [illegible] क्यों रहें जबकि पिता बलवान हो ।
शक्ति देकर दूर निर्बलता हमारी कीजिये ॥ दीन० ॥३॥
देश–जाती–धर्म का उद्धार ज्यों होने लगे ।
मार्ग वह हमको प्रभो बस आप दिखला दीजिये । दीन०॥४॥
तुम रिझाने को न हममें है कवीन्द्रों की कला
भेंट है यह कल्पना स्वीकृत विभो कर लीजिये ॥ दीन

॥ प्रभु–प्रार्थना ॥

(तर्ज—गुलशन में खिलेंगे दोनों जने)

प्रभु आओ मिलें हम दोनों जने ।
दोनों जने हाँ दोनों जने प्रभु आओ ॥टेर॥
प्रभु तू है बादल मैं हूँ बिजली ।
पानी होकर बहें हम दोनों जने ॥प्रभु०१॥
प्रभु तू है चन्दा मैं हूँ तारा ।
हिल मिल के खिलें हम दोनों जने ॥प्रभु०२॥
प्रभु तू है सूरज मैं अनु किरण ।
परकाश करें हम दोनों जने ॥प्रभु० ३॥
प्रभु तुम हो धागा फूल बनूँ मैं ।
फिर माला बनें हम दोनों जने ॥प्रभु० ४॥
प्रभु तू सुख—सिन्धु मैं हूँ नदियाँ ।
एक रस बनें हम दोनों जने ॥प्रभु० ५॥
प्रभु तू है भौंरा मैं लट छोटी ।
एक रूप बनें हम दोनों जने ॥प्रभु० ६॥

प्रभु तू है काव्य में हूं कवीन्द्र ।
दिव्य रसको बहावें दोनों बने ॥प्रभु० ७॥

॥ सिद्धाचल-स्तवन ॥

तर्ज—चाहे तारो या न तारो-(कव्वाली)]

बना रहूं मैं, तीर्थेश के शरण में ।
स भी जो हो तो, तीर्थेश के शरण में ॥टेर॥
दी विमल जल—धारा समान धारा ।
बहा करू मैं, तीर्थेश के शरणमें ॥ चाहू० १ ॥
के रूख जैसे, श्रम भार नम्र होकर ।
सफल बनाऊ, तीर्थेश के शरणमें ॥ चाहू० २ ॥
सूयकुण्ड जैसे, गम्भीर तापहारी ।
र्ण हो रहूं मैं, तीर्थेश के शरणमें ॥ चाहू० ३ ॥
टूक के शिखर सम, हो निष्प्रकम्प योगी ।
स्वसाध्यको मैं तीर्थेश के शरण में ॥
"हरि कवीन्द्रों के भी अगम्य
तीर्थेश के शरणमें

॥ श्री ऋषभजिन स्तवन ॥

(राग—मीम पलास)

धन्य हो ऋषभदेव भगवान्, युगला धर्म निवारण वाले ।टेर।
प्रथम तुम दिया जगतको ज्ञान, बताया खान पान अनुमान
किया जगमें नाम महान्, उत्तम नीति दिखाने वाले । ध० १।
प्रथम तुम दीक्षा व्रत लिया धार, जाना सब संसार असार।
तबसे हुवा शांति प्रचार, जीवों की रक्षा करने वाले । ध० २।
प्रथम तुम दिया धर्म उपदेश, तोड्यो मिथ्यामति को लेश।
हार्यो मोह महत नरेश, सत्य की राह दिखाने वाले । ध० ३।
प्रथम तुम भेजी मोक्ष मझार, माता मरुदेवी दिलधार
तैसे "हरि" को भी दो तार, मुक्तिक पदके देने वाले । ध० ४।

॥ श्री चन्द्रप्रभ जिन स्तवन ॥

(राग—रसी-मारवाडी जिला की)

चन्द्र प्रभुजिन चन्द्र नमो सुरा कन्दार, सब फंद विसार
अमन्द हरे दुख द्वदारे सुजाण ॥ चन्द्र० १

चन्द्र सुलांछन श्वेत सुवर्ण विराजे रे, जिनराज अपार ।
दर्शनगुण दर्शन निर्मल आनदारे, सुजाण ॥ चन्द्र० २॥
कारण जोगे कारज सिद्धि पावेरे, स्व स्वभावे निरधार ।
तन्मय अशठ सरल थिर सेवक बटारे सुजाण । चन्द्र० ३ ।
प्रभुमुख शारद चन्द्र सुधा बरसावेरे, हरसावे नरनार ।
नयन कटोरे भर पीवत निर्द्वन्दा रे सुजाण ॥ चन्द्र० ४ ॥
'हरि कवीन्द्र' प्रभु चरण शरण मैं पायारे, तज माया चार ।
पाछू नहीं अब नर सुरपद धरणीन्दा रे सुजाण । चन्द्र० ५ ।

॥ श्री शान्ति–जिन स्तवन ॥

(तज—थवार मेरे प्यारे पारस प्रभु है आधार)

दर्शन की क्या है बहार ?
बहार मेरे प्यारे ! दर्शन की क्या है बहार ? । टेर ।
श्री हयणापुर तीरथ स्वामी, शांति प्रभु सुखकार ।
कार मेरे प्यारे ॥ दर्श० १ ॥
विश्वसेन अचिरा सुत वन्दो, भदन से होंगे भव पार—
पार मेरे प्यारे ॥ दर्श० २ ॥

चक्री तीर्थंकर पदवी के धारी, प्रभु हैं करुणा भंडार—
भंडार मेरे प्यारे ॥ दर्श० ३ ॥
मृग लाछन प्रभु कांचन काया, पायाका है न विकार—
विकार मेरे प्यारे ॥ दर्श० ४ ॥
'जिनहरि' पूज्य प्रभु दर्शनकी महिमा आतम दर्शन का—
का' मेरे प्यारे ॥ दर्श० ५ ॥

॥ श्री नेमि प्रभु—प्रार्थना ॥

(तर्ज—छोटे से बलमा मोरे आंगने में गुल्ली खेलें)

भूलो मत बलमा नेमि स्याम थे पूरव भव प्रीति ।
स्याहन आय गये लोट यह कैसी है रीति ॥ टेर
पशुओं की सुनके पुकार बलमा करुणा लाई ।
मुझको बिसराई गये स्याम सोचो क्या है नीति ॥ भू० १
दर्शन कर पाई नहीं नाथ बस इतना सुन पाई ।
स्याम गये गिरनार मैं तो रह गई रीती ॥ भू० २
विरहा की दिल मेरे आग बलमा खूब लगाई ।
कैसे बुझाई कहो आय मुझको बलमा बीती ॥ भू० ३

अब ना रही कोई आश मेरी आप सहाई।
आई मैं सलमा तोरे पास दरशन अमृत पीती ॥ मृ० ४ ॥
धन राजुल अवतार प्रभु से प्रीति समाई।
माया छिटकाई सुकवीन्द्र गावें गुणमय गीती ॥ मृ० ५ ॥

॥ श्री नेमिजिन-प्रार्थना ॥
(तर्ज—छोटी मोटी सुइयां रे)

कैसा तुम्हारा है प्रेम कहोजी ? नेमि नाथजी !
तुम हम दोनों पूर्व भवों के हो पूर्वभवों के,
प्रेमी हैं भगवान् ! जाते हो कहां नाथजी ॥ कै० १ ॥
समुद्र विजय शिवादेवी के नन्दन देवी के नन्दन,
जीवन कर सुनसान। जाते हो कहां नाथजी। । कै० २ ॥
तुमने दया है की पशुओं पे, की पशुओं पे,
सुनिये दयानिधान। जाते हो कहां नाथजी ! ॥ कै० ३ ॥
जीवन धन ! तुम मानो न मानो, हां मानो न मानो,
मैं चलूं सग सुजान, जाते हो कहां नाथजी। ॥ कै०

'जिनहरि' पूज्य प्रभु परमेश्वर, प्रभु परमेश्वर,
दे दो पहले ध्यान, जाते [redacted] महां नाथजी ॥ हे० ५ ॥

॥ श्री पार्श्व जिन स्तवन ॥

(तर्ज—मेरे आका मदीने बुलालो मुझे)

चिन्ता चूर चिंतामणि पार्श्व प्रभो ! ।
मेरे चिंतित अर्थ को पूर प्रभो ! ॥ टेर ॥

चिंतामणि तू नाथ मेरा, विश्व में विख्यात है ।
चिंता हरण है बिरुद तेरा, तू जगत का तात है ॥
अपने दासकी आश को पूर प्रभो ! ॥ चिंता० १ ॥

जब कि तू चिंतामणि है मम हृदय मझार में ।
दारिद्र्य दुश्मन क्यों सतावे फिर मुझे संसार में ॥
करो दारिद्र्य मेरा दूर प्रभो ! ॥ चिंता० २ ॥

भगवान श्री हरि पूज्य तू मेरा परम आधार है ।
तेरे चरण के शरण में जोड़े हृदय के तार हैं ।
पूरो दिव्य 'कवीन्द्र' में नूर प्रभो ! ॥ चिंता० ३ ॥

॥ श्री पार्श्वजिन स्तवन ॥

(तर्ज–जिनासर स्वामि अंतरजामी तारो पारस नाथ–[राग –मांढ])

पूजू पारस स्वामी शिव सुखधामी विघ्न विदारन हार ।टेर।
तीरथ काशी बनारसी सुन्दर, मंदिर देव विमान ।
गंगा रंग तरंग विभूषित, दर्शन पुन्य प्रधानरे ॥ पू० १ ॥
नील वरण नव हाथ की काया, अहि लछन अभिराम।
अश्वसेन नृप वामा राणी, सुत शुभ गुण उद्दामरे ॥ पू० २ ॥
कमठ महा शठ बाल तपस्वी, धूणी जलता नाग ।
ज्ञानी प्रभु नवकार सुना, धरणी द्र किया महा भागरे।पू० ३।
जल उपसर्ग सहें सुखसागर, श्री भगवान अद्वेष ।
पद्मावती धरणीन्द्र सुसेवित, सम परिणामी विशेषरे।पू०४।
'जिनहरि' पूज्य प्रभु परमेश्वर, पारस मंत्र प्रभाव ।
दर्शन वदन पूजन प्रभुको, निज प्रभुता गुणदावरे।पू०५।

॥ श्री वीर प्रभु प्रार्थना ॥

(तर्ज—आओ आओ हे मेरे साधु रहो गुरु सग)

आओ आओ हे वीर प्रभुजी हमें बना दो वीर ॥ टेर ॥

पावन शासन हमने पाया आज आपका वीर ।
आराधन कर उसको मानें धन अपना तक़दीर ॥ आ० १ ॥
दूर हटावें हम निर्बलता होवें हम बलवीर ।
घबरावें ना दुखमें ऐसी दिखलादो तदबीर ॥ आ० २ ॥
गुरुजन विनय कर हम बनकर ज्ञान गुणी गम्भीर ।
धीर वीर हो निज जीवन से हर पराई पीर ॥ आ० ३ ॥
सुखसागर भगवान महोदय प्रेम सुपावन नीर ।
वर्षा दो जीवन उपवन में फैले सुरभि समीर ॥ आ० ४ ॥
हम मिल गावें सविनय जय जय जिनहरि पूजित वीर ।
प्रभु चरणों में शरणागत हो पावें भवजल तीर ॥ आ० ५ ॥

॥ महावीर जिन स्तवन ॥

(तर्ज—अब तेरे बिना कौन मेरा कृष्ण कन्हैया)

वन्दूँ मैं महावीर मेरे पीरहरैया, आधार एक विश्व के उद्धार करैया॥टे

शक्ति नहीं है पास में छाई हैं बुज़दिली ।
इससे ही मेरी आतमा रहती है अधखिली ॥
फि दो मुझे नाथ महाशक्ति धरैया ॥ व दू० १ ॥

माया महा अन्धेर की छाया है छारही।
खाता हूँ ठोकरें न मुझे राह मिल रही ॥
पथ आओ दिखाओ ए मेरे ज्योति जगैया। वन्दू० २।
सुखसिन्धु है भगवान तुही मेरा सहारा।
'हरिपूज्य' दिखादो मुझे भव सिंघ किनारा ॥
मेटो अनादि कालका यह भुल भुलैया। वन्दू० ३।

॥ श्री पार्श्व जिन स्तवन ॥

(राग—मारग होला)

जय बोलोरे पास जिनेश्वर की जय बोलो०॥ टेर ॥
मस्तक मुकुट सोहे मन मोहन, अंगियाँ मोहे केसरकी। ज० १।
त्रिभुवन ज्योति अखंडित तनकी, स्याम घटा
जैसे जलधर की ॥ जय० २॥
बाल पणे में अद्भुत ज्ञानी, करुणा कीनी विषधरकी। ज० ३।
कमठ उड़ाय वाय ज्यूं बादल, जीत करी अपने घरकी। ज० ४।
मात वामाउयरे जिन जायो, राणी अश्वसेन नरेश्वरकी। ज०।

अष्ट करम दल सबल खपाये, श्रेणि चढ्या जे शिवपुरकी। ज०
कहे 'जिनचंद' मेरे प्रभु पारस, जैसी छाया सुरतरुकी। ज०

॥ श्री मधुवन–शिखरजी स्तवन ॥

मधुवन में आय मची होरी, मधुवन में ॥ टेर ॥
ज्ञान गुलाल अबीर उडावो समता केसर रंग घोरी। मधु० १
अमृतरूप धरम जिनवरको शुद्ध 'क्षमा' कहे करजोरी। मधु० २

॥ श्री पार्श्व जिन स्तवन ॥

(राग—बसन्त)

सांवरो सुखदाई जाकी छवि बरणी न जाई। सांवरो० । टेर
श्री अश्वसेन वामाजी को नंदन, कीरती त्रिभुवन छाई
समेत शिखर गिरि मंडन प्रभु को, देख दरश हरखाई
हृदय मेरो अति हुलसाई ॥ सांवरो० १
आज हमारे सुरतरु प्रगट्यो आज आनंद बधाई
तीन भुवन को मैं नायक निरख्यो, प्रगटी पूर्व पुन्याई
सफल मेरो जन्म कहाई ॥ सांवरो० ।

प्रभु के सरस दरस बिनपाये, भव भव भटक्यो मैं भाई।
अब तेरो चरण शरण चितचाहत, 'बाल' कहे गुण गाई॥
प्रभुजी से लगन लगाई॥ मावरो० ३॥

॥ श्री सम्मेत शिखर तीर्थ स्तवन ॥

(राग—गजल)

शिखर सम्मेत तीरथ में, अजब आनन्द आता है।
विनय से वन्दना करते, भविक मन मोद पाता है॥टेर॥

यहां पर बीस कल्याणक, हुए हैं बीस जिनवर के।
फरसते बीस टूकों को, अजब आनन्द आता है॥ शि० १॥

यहां पर पाम जिनवर की, मनोहर सांवरी सूरत।
प्रभावक दिव्य दर्शन से, अजब आनन्द आता है॥ शि० २॥

यहां पर भोमिया राजा, विराजें जागती ज्योति।
उन्हीं की छत्र छाया में, अजब आनद आता है॥ शि० ३॥

विकट गिरिराज पर चढ़ते, निरखते मोहिनी लीला।
विशदवर शांत जीवनमें, अजब आनद आता है॥ शि० ४॥

परम "हरि" पूज्य तीरथ में, निजातम भाव शुद्धि से।
रमण करते हुए निशदिन, अजब आनन्द आना है॥ शि०७॥

॥ श्री पर्यूषण स्तवन ॥

(तर्ज—गोपीचन्द लड़का बादल बरें र)

पर्यूषण म में वीतराग, भजूं भाव से ॥ टेर ॥
श्री जिनराज जगत गुरु स्वामी, आतमरामी नामी।
अन्तरजामी बहुगुण धामी, आरामी अभिरामीर। पर्यू०१।
श्री जिन आतम अरु निज आतम, रूप अनूप विचारे।
जिन दर्शन निज दर्शन करके, भेदखेद सब टारे र। पर्यू०२।
पर्यूषणमें समकित मिथ्या, मिश्र मोहनी टारी।
प्रथम अनन्तानुबन्धी की, चौकड़ी दूर निवारी र। पर्यू०३।
काल अनादि पुद्गल सगी, बहिरातम बेढगी।
अतर गुणचगी हो करके, हुआ परमपद रगीरे। पर्यू०४।
पर्यूषण मे सुर "गणनायक–हरि" नन्दीश्वर जावे।
ही जिन मदिर में जिन वन्दू मैं बहु भावेरे। पर्यू०५।

॥ दीपावली—स्तवन ॥

[तर्ज—मैं बन की चिड़िया०]

हे वीर ! विरह दुख महा न मुझ से जाई रे,
था स्नेह आपका मुझ पर अति सुखदाई रे ॥ टेर ॥
मैं इन्द्र जाल मानाथा, लड़ना प्रभुसे ठाना था,
स्वामी प्रभाव पर वेही भाव, मेरे समस्त मिट जाइ रे ॥१॥
मैं आप रुप भूलाथा, मिथ्यात्व झूले झूला था,
प्रभु आप दर्श होते प्रकर्ष, समकित ज्योति प्रकटाईरे ॥२॥
प्रभु सेवाथी सुखकारी, प्रभु दर्शन भव भय हारी।
आनद कद सब दु ख दद, आमूल चूल विघटाईर ॥ हे ३॥
मेरे प्रभु केवल ज्ञानी, तीर्थंकर सब गुण खानी।
अमृत समान वाणी प्रमाण, भवि प्राणी सुन शिव जाईर।हे४।
जब २ शंका होती थी, प्रभु कृपा तभी होती थी,
सविवेक एक उत्तर अनेक, भ्रम सुनते सबमिट जाईरे ॥हे५॥
प्रभु वीतराग बड भागी, मैं तो हू पूरा रागी,
तज राग भाव, रमते स्वभाव गौतम शिव पदवी पाईर

प्रभु सुखसागर भगवाना, श्री जिनहरि पूज्य प्रधाना,
गौतम गणेश समरो विशेष,सेवा कवीन्द्र मन भाईरे ।।है७।।

॥ पौष दशमी स्तवन ॥

नित नमु पारस प्रभु जिनराज जिनकी महिमा अनुपम आज ।टेर
पौष वदी दशमी दिन धन धन,जगमें जनमें जिन जगतात ।१।
जनम कल्याणक परमपुनीता,काशी नगरी धन धन धाम ।२।
अश्वसेन नृप वामाराणी,धन जिन जनक जननी विख्यात ।३।
कुटिल कमठ मद हारक तारक, नाग नागनी के अभिराम ।४।
'हरि कवीन्द्र' सुकीर्तित मैंने, पायोधन जिन दर्शन सार ।५।

॥ अखातीज का स्तवन ॥

[तर्ज—अवधू सो जोगी गुरु मेरा—आसावरी]

बाबा ऋषभ जिनंद पधारें ।
कर्म कलंक निवारें रे ॥ बाबा० ॥टेर॥
राज तजा सुख साज तजा निज आतम के उपयोगी ।
धुर विचरे स्वामी,संयम सुखके भोगीरे ॥ बा०।१।

भिक्षा विधि नहीं लोक पिछाने, प्रभु कर्मोदय जानें ।
मौन सहित वर्षाधिक तपको, परम क्षमा मह ठानेरे ।बा०।२।
भक्ति सहित नरनारी प्रभु के अर्पण हित नित लावें ।
कन्या हयगय रथ रतनों को,नाथ नजर नहीं ठावेरे ।बा० ३।
श्री श्रेयांस कुँवर पुन्योदय जाती समरण भावे ।
जिन दर्शन भिक्षा विधि जाने इक्षुरस वहिरावेर ॥ बा०॥४॥
धन दाता धन पात्र प्रभुजी धन दिन तीज सुहावे ।
पचदिव्य प्रकट नित जय जय सुरगण पति हरि गावें ।बा०५।

॥ नवपद स्तवन ॥

[तर्ज—जिनमत का डंका आलम में]

नित नवपद गुण भडार नमू, सुपकारक परमाधार नमू ।टेर।
अर्हंपद आंतमरूप नमू, प्रभु सिद्ध महागुण भूप नमू ।
सूरीश्वर-शासन थम्भ नमू, पाठक पद पाठारम्भ नमू ॥
॥ नित नवपद

साधु निज साधन हेतु नमूं, दर्शन पद सब गुण केतु नमूं।
वर ज्ञान चरण तप योग नमूं, ये नवपद निजपद भोग नमूं।
नित नवपद० ॥ २ ॥

सुखसागर पद भगवान नमूं, सब मंत्र तंत्र परधान नमूं।
'हरि' पूज्य समीहितकार नमूं, परमोदय कारक सार नमूं॥
नित नवपद० ॥ ३ ॥

≪ स्तुति-संग्रह ≫

कल्याणक स्तुति

मैं क्या हूं ? आतम-द्रव्य महागुण-खाण,
फिर क्यों दुख भोगूं ? कर्म योग परमाण।
क्या कर्म हमारे हमको दें संताप ?
हां, जिन पद पूजो हो कल्याण अमाप॥१॥

श्री ऋषभजिन स्तुति

वृषलछन कचन काया अद्भुत रूप,
मरुदेवा नदन जगवदन जग भूप ।
नृप नाभि कुलाम्बर अंबरमणि अनुरूप,
नित भद्र भावे निज गुण दाव अनूप ॥१॥

श्री शांतिजिन स्तुति

श्री शांति जिनेश्वर परम शान्ति दातार,
यह जीव अनादि कारण पाकर चार ।
कर्मों के वश में रहे सदैव अशान्त,
शांति प्रभु सेवत होवे परम प्रशान्त ॥२॥

श्री पार्श्वजिन स्तुति

पाखण्ड मिटा दो होकर निर्भय वीर,
जहरीलों पर भी दया करो गुणधीर ।
अपने दुश्मन पर क्षमा करो आदर्श,
समझावें स्वामी पार्श्व नमूं बहु हर्ष

श्री वीरजिन स्तुति

सिद्धारथ नन्दन मात वत्र अवतस,
श्री त्रिशला माता कुक्षी–मानस हंस
जय वर्द्धमान जय महावीर भगवान,
जय शासन नायक मेरे जीवन प्रान ॥५॥

श्री नवपद स्तुति

नवपद निज पद में अवतारण कर आप,
ध्यावो मिट जावे पूरव कृत सब पाप।
नहीं होय कदापि रोग शोक सताप,
श्रीपाल तुवपणा मम सुख होय अमाप ॥६॥

श्री पर्यूषण स्तुति

जिन आज्ञा रागी बड़भागी भविलोक,
पर्यूषण चाहें सूरज को जिम कोक।
पर्वाधान में होवें उद्यमवन्त,
त्रिहू काले पूजे वीतराग अरिहंत ॥७॥

स्तुति

(उपजाति–छन्द)

दीव्यत्सुतीर्थेश्वर नाम कर्म—
प्रभावि–पुण्येन जिनेश्वराणाम् ।
कल्याण–कल्याणक पञ्चक यत्,
करोतु कल्याण मनन्तमिद्धम् ॥८॥

[श्री दादा गुरु स्तुति संग्रह]

(श्लोक)

दासानु दासा इव सर्व देवा, यदीय पादाब्ज तले लुठन्ति । मरुस्थली–कल्पतरु जीयाद् युग प्रधानो जिनदत्त सूरि । १ ।

चिन्तामणि कल्पतरुर्वराकौ, कुर्वन्ति भव्याः किमु काम गव्याः । प्रसीदत श्री जिनदत्त सूर सर्व पद पदे प्रविष्ट । २ ।

नो योगी न च योगिनी न च नराधीशश्च नो शाकिनी।
नो वेताल–पिशाच–राक्षस गणा नो रोग शोकौ भयम्।
नो मारी न च विग्रह प्रभृतयः प्रीत्या प्राणत्योचकैः।
यो नें श्री जिनदत्त सूरिगुरुवो। नामाक्षरध्यायति ॥३॥

(सवैया)

बावन वीर किये अपने वश, चौसठ योगिनी पाय लगाई।
डाइन माइन व्यन्तर खेचर भूत रु प्रेत पिशाच पुलाई॥
बीज तडक्क कडक्क भडक्क अटक्क रहे जु खटक्क न काई।
कह धर्मसिंह लघे गुण लीह दिये जिनदत्त की एक दुहाई॥

राजे शुभ ठौर ठौर एमो देव नहीं और,
दादो दादो नाम से जगत जश गायो है।
अपने ही भाव आय पूजे लक्ख लोक पाय,
ध्यामन को रनमाझ पानी आन पायो है॥
वाट घाट शत्रु दाट हाटपुर पाटन में,
देह गेह नेह से कुशल वरतायो है।

धर्मसींह ध्यान धरे सेवकों कुशल करे,
साचो श्रीजिन कुशलसूरि नाम यूं कहायो है॥

श्री दादा गुरु स्तोत्र

(लय—युग वर्षा संपद शिखरिणी वृत्त)

गुणी ज्ञानी दाता शिव सुख विधाता भुवन में,
नहीं है कोई भी गुरुवर तुही है बस तुही।
तुही माता तातानुपम गुण भ्राता हितु-सखा,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। १।
तजे मैंने सारे कुपथ मतवाले कुगुरु जो,
महा मायावी हैं विषय रसरागी मलिन हैं।
मिला स्वामी तूही सुविहित-हितैषी यतिपते,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। २।
तुही ज्ञाता त्राता जिनमत यशो विस्तृत विधि,
प्रभावी नेता है खरतरवराचार विदित।
महा पापी हूं मैं पतितपथगामी तदपि हे—
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। ३।

सुनी ज्ञानी तेरी परम उपकारी सु महिमा,
पुरे ग्रामे देशे मम विनय भी एक सुन लो।
न होउ दुःखों से विचलित यही नाथ बल दो,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। ४।

हटाये लोगों को व्यसन गणसे देव तुमने,
सुशिक्षा द स्वामी मिहिर मुझ पे भी अब करो।
समर्थों को जो भी विकट विधि हैं वे सहज हैं,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। ५।

उपेक्षा जो मेरी कथमपि करोगे गुरुवर !,
सहारा कोई भी फिर न मुझको है जगत में।
सुनाता हूं बातें प्रभुवर सुनो कान धरके,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। ६।

न है कोई ज्योति हृदय नम भेदी गुरु बिना,
न है कोई दानी परमपददायी गुरु बिना।
अपापी पापों को सुगुरु हरते हैं, इस लिये,
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे। ७।

सुखाम्भोधे स्वामी परम करुणा सिन्धु भगवन् !
रहू सेवा में मैं यह बस मुझे नाथ वरदो ।
कहीं भी होऊ मैं प्रणत हरि पूज्य प्रभुवर !
गुरो दादा नित्य चरण शरण ते भवतु मे । ८ ।

॥[श्री गुरुदेव स्तवन संग्रह]॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(तर्ज—वीर बनाने वाले तुमको लाखों प्रणाम)

दादा देव दयालु तुमको लाखों प्रणाम ।
श्री गुरुदेव दयामय तुमको लाखों प्रणाम ॥ टेर ॥
मिथ्यामत का मैल मिटाकर, बोधि लाभ शुभ हमको देकर।
जैन बनाने वाले तुमको लाखों प्रणाम । दा० १ ।
नाम मंत्र की महिमा भारी, विपत्ति निवारण संपतिकारी।
योगीश्वर गुणवाले तुमको लाखों प्रणाम । दा० २ ।
युगवर सुगुणसागर उपकारी, हरि जिन शासन में जयकारी।
दर्शन देने वाले तुमको लाखों प्रणाम ।

श्री गुरुदेव स्तवन

(कव्वाला)

क्या हैं अपूर्व दर्शन, गुरुदेव जी तुम्हारे ॥
दु:ख दूर कीजिये सब, हम भक्त हैं तुम्हारे ॥ टेर ॥
गुरु के बिना जगत में, है कौन मार्ग दर्शक ।
आया शरण में स्वामी, गुरुदेवजी तुम्हारे ॥ १ ॥
चिंतामणी से बढ़कर, मनइच्छितार्थ दानी ।
सानी न और जगमें, गुरुदेवजी तुम्हारे ॥ २ ॥
हरि पूज्य जैन शासन, पावन प्रकाश कारी ।
चाहू सदैव दर्शन गुरुदेवजी तुम्हारे ॥ ३ ॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(तर्ज—जय बोलोरे पास जिनेसर की)

दर्शन दो श्री गुरुदेव हमें दर्शन दो ॥ टेर ॥
गुरु दर्शन बिन तरस रहे हम ।
दो दर्शन गुरुदेव हमें ॥ दर्शन० १ ॥

तुम पथ के हम पथिक मभी हैं।
निज पथ देव दिखा दो हमें ॥ दर्शन० २ ॥
चन्द्र चकोर मोर जिम बादल ।
तिम तुम दर्शन चाह हमें ॥ दर्शन० ३ ॥
विकसित होत कमल रवि-दर्शन ।
तिम तुम दर्शन हर्ष हमें ॥ दर्शन० ४ ॥
'हरिजिन' शासन मात प्रकाशन ।
आत्म प्रकाश दिखादो हमें ॥ दर्शन० ५ ॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(तर्ज—मैं बनकी चिड़िया बनकर बन २ डोलू रे)

श्री दादा गुरुका दिलमें ध्यान लगाऊँरे ।
जिनदत्त सूरी दादा गुरु के गुण गाऊँ रे ॥ टेर ॥
गुरुदत्त जगत जयकारी, शुभ नाम मंत्र सुखकारी ।
गुरुदत्त सत्य गुणधाम नित्य, निज मन मंदिर में लाऊँरे
॥ श्री

दादागुरु आप पधारो, सेवक के काज सुधारो ।
गुरु दर्श-हर्ष पावन प्रकर्ष-मैं अपने में लख पाऊँ रे ॥
॥ श्री दादा० २ ॥

गुरु सुखसागर भगवाना, हरि-सागर-सूर समाना ।
गुण भूप-रूप कारक अनूप-दर्शन दुख दूर गमाऊँ रे ॥
॥ श्री दादा० ३ ॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(तर्ज—आधार मेरे प्यारे पारस प्रभु है आधार)

दातार मेरे प्यारे, दादा गुरु है दातार ॥ टेर ॥
दत्त सूरीश्वर दादा गुरु हैं, कल्पतरु के अवतार ।
अवतार मेरे प्यारे, दादा गुरु हैं दातार ॥ १ ॥
निपुतियों को सुपुत देते, निर्धन को धनके भंडार ।
भंडार मेरे प्यारे, दादा गुरु हैं दातार ॥ २ ॥
रोगी कुरूप के रोग मिटावें, जल्दी से रूप सुधार ।
मेरे प्यारे, दादा गुरु हैं दातार ॥ ३ ॥

निर्बुद्धियों में बुद्धि प्रयोगतें, करते सुबुद्धि प्रचार।
प्रचार मेरे प्यारे, दादा गुरु हैं दातार ॥ ४ ॥
सेवो सुगुरु भवी सुरगण नायक, 'हरि' करें जयकार।
जयकार मेरे प्यारे, दादा गुरु हैं दातार ॥ ५ ॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(सावरा सुखदाई जाकी छवि बरणी न जाइ)

[राग बसत होरी]

परम गुरु सेवा पाई, निजातम ज्योति जगाई ॥ टेर ॥
श्री जिनदत्त सूरीश्वर दादा, महिमा जिनकी सवाई।
सेवा करते सेवक जिनकी, विपदा दूर हटाई ॥
गुरु मेरे हैं वरदाई ॥ परम० १ ॥

[illegible] गिरनार पे नागदेव को, लिखदे अम्बा माई।
युगवर मरुधर सुरतरु जैसे, वांछित सुख फल
सेवे सब शीश नमाई ॥

वीर पीर अरु जोगणिया सब, जो छलने को आई ।
गुरु के प्रबल-पोम बलिहारी, देवें नित्य दुहाई ॥
गुरु जग कीर्ति अमाई ॥ परम० ६ ॥

देश देश में गुरुम विराजे, परचा प्रगट सवाई ।
सुखसागर भगवान महोदय, पूजो गुरु होके अमाई ॥
सदा गुरु होत सहाई ॥ परम० ७ ॥

॥ श्री गुरुदेव स्तवन ॥

(राग—सहाना धमाल)

श्रीजिनदत्त सूरींदा, परम गुरु श्री जिनदत्त सूरींदा ।
परम दयाल दयाकर दीजे दरशण परमानन्दा । परम० १
जङ्गम सुरतरु वांछित दायक, सेवक जन सुखकन्दा । परम० २
सद्गुरु ध्यान नाम नित समरण, दूर हरण दुःख ददा । परम० ३
निज पद सेवक सानिध कारी राखिये गुरु राजिन्दा । परम० ४
कर जोरी विनय युत विनवे श्रीजिन हरख सुरींदा । परम० ५

दादा कुशल गुरु स्तवन



—१—

[गजल]

कुशल करना कुशल करना, कुशल गुरुराज शासन में।
तुम्हीं हो शक्तिमय निजभक्त, विघ्नों के विनाशन में। टेर।
महा अंधेरे में सोते, निराशों अपने भक्तों को।
उठाकर आप अब जल्दी, लिवा लाओ प्रकाशन में। कु० १।
अपूरब अपनी ज्योति का, दिखावें आप अब जल्दा।
कि जिससे जोश भी फैले, हमेशा सुख तन मनमें। कु० २।
हैं भूले भक्त पर तुमको, भुलाना यों न लाजिम है।
दुआ है आपसे इतनी, बढ़ादो भक्त जन धनमें। कु० ३।
सदा "हरि" आपकी स्वामी, दया की वेल भक्तों पे
कर,छाया, हरे माया, अशान्ति हो न जीवन में।

—२—

[गज़ल]

कुशल गुरु क्यों न देते हो, कहो दर्शन मुझे अपना।
अगरचे दूर रहना था, बनाया दास क्यों अपना॥
जलीलों को जलाना ही, अगर मंजूर है तुमको।
विरुद तब दीनबन्धु का, रखा, फिर नाथ क्यों अपना॥
तुमारा मैं हुआ जब से, सदा सबसे तड़फता हूँ।
न तड़पाना तुम्हें लाजिम, शरन दो देव अब अपना॥
मुसीबत मेट दो मेरी, दरश दो क्यों करो देरी?।
गुजारिश है फकीरचन्द की, निभालो नेह बस अपना॥

—३—

(तर्ज—बोल बन्देमातरम्)

आपके दर्शन बिना गुरुवर! रहा जाता नहीं।
और दिल का हाल गैरों से कहा जाता नहीं॥
है परेशानी यही कैसे तुम्हें पाऊँ गुरो।
पथ ऐसा एक भी मेरी नजर आता नहीं॥

हैं जुदाई के जिगर में जख्म भारी हो रहे।
उनकी जलन का जोश भी मुझसे सहा जाता नहीं॥
हैं कुशल गुरु आप फिर क्यों देर इतनी हो रही।
अब और आशा में प्रभो मुझसे रहा जाता नहीं॥
'हरि'पूज्य गुरुवर दासकी अरदासको सुन लीजिये।
मुक्तिदाता आप बिन बस और मन भाता नहीं॥

-:-

[गजल]

कुशल गुरुराज जय तेरी, सदा हो भक्तिया मेरी॥ टेर॥
हृदय में ध्यान धरता हू, उपाधि दूर करता हू।
मैं गाउं कीर्तिया तेरी, कुशल गुरुराज जय तेरी॥ १॥
सदा तुझ नाम लेकर के मैं करता काम हूँ जितने।
सफल होते वही देखे, कुशल गुरुराज जय तेरी॥ २॥
हैं तेरे मंत्र की शक्ति, अजायब विश्व में रोशन।
मुझे उसका सहारा है कुशल गुरुराज जय तेरी

तुही सुख सिन्धु है भगवन् । पाप 'हरि' पूज्य उपकारी।
सहज मुक्ति वधू स्वामी, कुशल गुरुराज जय तेरी ॥ ४ ॥

॥ मणिधारी श्री जिनचन्द्र सूरि स्तवन ॥

तुमतो भले बिराजोजी,
मणिधारी महाराज दिल्ली में भले बिराजोजी ॥ टेर ॥
नरनारी मिल मंदिर आवे, पूजा आन रचावे ।
अष्ट द्रव्य पूजा में लावे, मन वांछित फल पावे ॥ तुम० १ ॥
आशापूरो सकट चूरो, ये है बिरुद तुम्हारो ।
आधि व्याधि सब दूर नाशो, सुख सम्पत दे तारो ॥ तुम० २॥
वाद विवादे जन जय पामे, वार जलधि जहाज ।
बाट घाट भय पीड़ा भांजे, समरण श्री गुरुराज ॥ तुम० ३॥
पुत्र पुनीता परम विनीता, रूपे लक्ष्मी नार ।
ऋद्धि सिद्धि सुख सम्पति दीजें, भल भरजो भंडार। तुम०४।
सेवक ऊपर करुणा करजो, महिर नजर तुम धरजो ।
लीला घरमें भरजो, एतो काम तुम करजो । तुम०५ ।

॥[आवश्यकीय चौदह नियम]॥



नीचे लिखे चौदह नियमों को गुरुगम से समझ कर धारण करे तो ससार के कामों को करता हुआ भी गृहस्थ सयमी होकर मोक्ष का अधिकारी हो जाता है।

सचित्त १, दव्व २, विगई ३, वाणह ४, तबोल ५, वत्थ ६, कुसुमेसु ७ वाहण ८, सयण ९, विलेवण १०, बभ ११, दिसि १२, न्हाण १३, भत्तेसु १४ ॥

१—सचित्त नियम—जिसमें जीव सत्ता हो ऐसे हरे शाक, फल, फूल, कच्चा पानी, बिना पका नमक, बेरांधा अनाज आदि सचित्त वस्तुओं की सख्या का परिमाण करे।

२—दव्य नियम—जितनी चीजें मुह में डाली जाय जैसे दाल, चावल, रोटी, दांत कुचरणी आदि वस्तुएँ उनका परिमाण करे।

३—विगइ नियम—विकार को बढ़ाने वाली भोज्य सामग्री को विगइ कहते हैं। सब विगइ १० हैं। उनमें १–मधु (सहत), २–मांस, ३–मक्खन, ४ मदिरा ये चार महा विगइ तो श्रावक को त्याज्य है। १–घी, २–तेल, ३–दूध, ४–दही, ५–गुड़, ६–पक्वान्न इनका परिमाण करे।

४—उपानह नियम—जूते-मोजे स्लीपर-पावड़ी-पावड़ी आदि पैर में पहिनने की चीजों का परिमाण करे।

५—तम्बोल नियम—पान सुपारी लौंग इलायची आदि मुखवासक पदार्थों का परिमाण करे।

६—वस्त्र नियम—जो पहिरने में और ओढ़ने में आवे ऐसे वस्त्र और आभूषणों की संख्या का परिमाण करे।

७—कुसुम नियम—जो सूघने में आवे ऐसे पदार्थ फूल अत्तर सूघने की तमाखु आदि का गिनती कर परिमाण करे।

८—वाहन नियम—हाथी, घोड़ा, बैल गाड़ी,

ऊंट, मोटर, रेल, साइकिल इत्यादि की संख्या का परिमाण करे।

९—शयन नियम—शय्या बिछोना पलंग पाट कुरसी आदि की संख्या का परिमाण करे।

१०—विलेपन नियम—केशर चन्दन तेल आदि की संख्या का परिमाण करे।

११—ब्रह्मचर्य नियम—पर स्त्री का सर्वथा त्याग कर और स्व स्त्री से सुह दोरे के न्याय से तथा वाद्य विनोद का परिमाण करे। 'स्त्री' पर पुरुष का सर्वथा त्याग करे।

१२—दिशा नियम—दिशायें चार और विदिशायें चार ऊंचे और नीचे कुल मिलाकर दश दिशाओं में जाने आने के कोशों का परिमाण करे।

१३—स्नान नियम—छोटा स्नान हाथ, पैर, मुंह आदि का धोना और बड़ा स्नान सारे शरीर को धोना उसका परिमाण करे।

१४—भात नियम—अन्न पानी आदि भोजन के पदार्थों का जरूरत के मुताबिक तोल माप रखे।

॥ छह काय ॥

१—पृथ्वी काय—मिट्टी नमक आदि जो खाने व हाथ धोने आदि के काम में आवे उसका परिमाण करे।

२—अप्काय—न्हाने धोने व पीने के काम में आने वाले पानी का परिमाण करे।

३—अग्निकाय—चुल्हा-भट्ठी-चिराग-अंगीठी आदि का परिमाण करे।

४—वायुकाय—अपने हाथ से और हुक्म से जितने पखे चलाने म आवे उनका परिमाण करे।

५—वनस्पतिकाय—हरा शाक आदि का वजन और जातियों का परिमाण करे।

६—त्रसकाय—बेइन्द्रिय से लेकर पचेन्द्रिय तक के जीवों को बिना अपराध वे काम मन वचन काया से

कमी नहीं मारना। अनजान से मरजाय तो "मिच्छामि दुक्कड" देना।

(तीन कर्म)

१—असि—तलवार-चाकू-छुरी कैंची-सुई इत्यादि को चलाने का परिमाण करे।

२—मसि—कागज, कलम, दावात, स्याही आदि का परिमाण करे।

३—कृषि—खेती बगीचे आदि का परिमाण करे।

ऊपर बताये हुए नियमों को प्रातःकाल म और सन्ध्या समय में दोनों समय चितार अथवा दिन रात्रि के एक साथ विचार। तीन नवकार गिनकर धारे और तीन नवकार गिनकर पारे पारते समय "अजान में अधिक लगा हो तो मिच्छामि दुक्कड और कमती लगा हो तो लाभ हो" ऐसा कहे। यह बिना कष्ट के पापों से का उपाय है। इन नियमों को स्वीकार करने से आत्मा मोक्ष में परम-शक्ति को पाती है।

॥ नवकारसी मुट्ठसी पच्चक्खाण ॥

उग्गए सूरे नमुक्कार सहिय मुट्ठि सहिय पच्चक्खाइ चउव्विहंपि आहार असण पाण खाइम साइम अन्नत्थणा भोगेण, सहसागारेण महत्तरागारेण सव्व समाहि वत्तिया गारेण वोसिरइ ।

(१)

॥ विगय पच्चक्खाण ॥

विगई ओ पच्चक्खाइ अन्नत्थणाभोगेण सहसा गारेण, महत्तरा गारेण सव्वसमाहि वत्तियागारेण वोसिरइ ।

(२)

॥ देशावकासिक पच्चक्खाण ॥

देसावगासियं भोगं परि भोगं अन्नत्थणाभोगेण सहसा गारेण महत्तरागारेण सव्व समाहिवत्तियागारेण वोसिरइ।

१—इस पच्चक्खाण को करने वाला यथा शक्ति विगय छोड़े।

नियम चितारने वाला यह पच्चक्खाण करे ।

॥ आवश्यक विधि समाप्त ॥